"A girl and a boy, whose marriage was fixed and who did not know each other, one day happened to sit together along with their relatives and friends at a fair. During this short company the girl served tea to the party in which one was her would-be groom. There was no stir of feeling in either of them. But while tea was served, a common acquaintance hinted the scheduled marriage to the one sitting by his side. Instantly a wave of the feeling of love ran through the bodies of both. The girl recognized her lover".

In the same way 'Jīva' recognizes himself in Śiva with the help of his preceptor. This is the philosophy of 'Recognition' in nutshell. Utpala preached it more comprehensively. He sat and wrote his abstruse asphorisms during calm moments. This was his self-introspection which got established as philosophy. Gaudapada, the great preceptor of Śankara also expounded a similar philosophy earlier. It is known as 'Ajātavāda' in the Advaita Vedanta Philosophy. He says that nothing is born and so nothing

dies. It is only the change in vision that the world appears as such. Utpala explained the philosophy in his own way and convincingly too.

Tradition goes that Utpala, during the latter period of his life, would often be in spiritual ecstasy. His practices had ripened by divine grace of Lord Śiva as a result of which he uttered notes full of divine rapture, intensely musical and pregnant with esoteric meaning. These verily revealed the 'heart of Utpala'. He gave the same philosophical doctrines and exclusively devotional tinge. he sang verses in different tunes in praise of his Lord, expressing non-dual devotion - 'Abheda Bhakti'. He was so engrossed in his ecstasy that he did not keep a record of his compositions. He floated above body consciousness.

Since divinity also recedes to duality, more often than not, while soul resides in body, Utpala would sometimes come down to it and open his eyes to look around. Filled with divine consciousness he would find his own mental reflection outside and get instantly drawn within. Once in spring, being in his ecstatic mood for long, Utpala opened his eyes and saw almond blossoms strewn by wind on the ground. At once he exclaimed: "Ah, devotees have performed worship and adorned the Lord with flower wreaths. Only I fall back". Uttering thus he instantly got into Samadhi again.

Another time, while running in divine ecstasy, Utpala's locks got entangled among bushes. He felt that his beloved Śiva was catching hold of him. Imagining thus he got drawn into meditation. This shows that he was a psychologic abnormality with a soft heart. Since psychology has no approach to the spiritual field, as it is beyond the range of mind and matter, Utpala is known to have measured a considerably divine height. He need not sit for meditation. Śiva was always in his being just as Mother Kali's divinity was always present in Paramahamsa Ramakrishna's being. He sang in melodious tune while panting for the final beautitude of Śiva, addressing Him with earnest devotion. This speaks of the extent of his joy, the expression of which was termed 'Januni-Kamil'-divine ecstasy of the sage - by the Persian scholars.

Thus Utpala is said to have composed a large number of verses many of which were collected and compiled by Sri Rām and Ādityaraja. Finally,

these were classified into twenty hymns by a great scholar Vishvāvarata, who gave each hymn his own heading. The compilation is named Utpala's Śivastotrāvali. This information comes down to us from Ksema Rāja, a later author and disciple of Abhinavgupta. In this exhaustive commentary, he tells us, at the very outset of the book, that Utpala had however composed and named three hymns by himself. These are 'Samgrahastotra; Jayastotra and Bhaktistotra' thirteenth, fourteenth and fifteenth chapters respectively, as arranged in the printed book.

Unplumped deeps get stirred as the rhythm on the reciting of or the listening to the verses of *Śivastotrāvali* touches one's ears. One sits rapt and breathless. A new life, a course of study and of meditation seems to begin. The centre of interest gets shifted. You continue to sing to yourself or muse on the versified lines. Tears of joy, like pearls, trickle down the eyes and one virtually forgets oneself. Utpala addresses his beloved:

संग्रहेण सुखदुःखलक्षणं
मां प्रति स्थितमिदं श्रृणु प्रभो।
सौख्यमेष. भवतः समागमः
स्वामिना विरह एव दुःखिता॥ संग्र. स्तो. १॥

"O Lord! spare just a while to listen to
My pleasure and pain in nut-shell,
This being with thee is joy supreme,
Bereft of thy grace, I suffer pain"

Here you have a feeling of an isolated joy that is experienced by listening to the shrill voice of a morning bird or the continued flow of a waterfall. Utpala, for all purposes was a mystic, a loving and pure-hearted soul, whose example we much later again find in 'Lalleshwari Nund Rishi and Rapa Bhawani'. Swami Rama Tirtha was one of such modern saints.

As the chief characteristic of Utpala's language is symbolism, it appeals to all sects of people, especially to those who understand it. His power of penetrating human hearts enraptures one with his dynamic touch. He sang-

लोकवद्भवतु मे विषयेषु
स्फीत एक भगवन्परितर्षः।
केवलं तव शरीरतयैतान्
लोकयेयमहमस्तविकल्पः॥ शि. स्तो. ८-३॥

"O Lord! I may possess like common people,
desire for enjoyment in the world.
But with this difference that I should look upon these
as thyself-without the least idea of duality."

Utpala stressed on reconciliation of knowledge and devotion which practically means earnestness in knowing the self. He categorically expressed-

यद्यथास्थितपदार्थदर्शनं
युष्मदर्चनमहोत्सवश्च यः।
युग्ममेतदितरेतराश्रयं
भक्तिभालिषु सदा विजृम्भते॥ संग्र. स्तो. ७॥

"There is naught but thy existance in the universe
for those endowed with knowledge of self
"Thy worship is great celebration for those
who are blessed by thee--
"Both these statements ever befit thy earnest devotees".

Again he gushed-

व्यापाराः सिद्धिदाः सर्वे ये त्वत्पूजापुरःसराः।
भक्तानां त्वन्मयाः सर्वे स्वयं सिद्धय एव ते॥ शि. स्तो. १७,२॥

"All their actions bear fruit who worship Thee
for their fulfilment,
But every act of thy devotees, who reside in Thee
is the fruit by itself."

These lyrical songs of Utpala are pithy and pierce through the very recesses of the heart of the devotee, who is endowed with divine grace. Utpala sang, rather uttered these notes, like a singing bird, not for others

but for himself, drowned in the divine. His own feelings and emotions, joys and sorrows and above all his intense longing as an earnest seeker of spiritual truth are vividly pictured in the hymns.

Utpala's philosophy of Recognition can be summed up in the following lines:

(अप्युपात्तममृतं भवद्वपुर्भेदवृत्ति यदि रोचते न मे।) (सं. स्तो. १७)

COURTESY:-
SANT SAMAGAM RESEARCH INSTITUTE
37/4 Pandoka Colony, Paloura Jammu-181121

मालिनी के प्रति पाठकों और भक्त जनों के बड़ते हुए प्रेम और उत्साह को देखकर हमें हार्दिक प्रसन्नता हो रही है। विभिन्न स्थानों से जो पत्र मुझे मिले उनमें अनेक तथ्यों को उभारा गया है। पर खेद की बात है कि आदरणीय प्रिय पाठक विषय को पूरी तरह से समझने के बिना ही शंकाओं के मालिन्य से बुद्धि को मलिन बना देते हैं। मेरी उनसे विनम्र प्रार्थना है कि वे जिस किसी विषय को सन्देह की दृष्टि से देखते हैं, वास्तव में वह ऐसा नहीं। क्योंकि उनकी बुद्धि वस्तुओं की बाहिरी चमक से अभिभूत होकर आन्तरिक तत्त्व से कोसों दूर रहती है और वे अर्थ का अनर्थ कर बैठते हैं। जिसे आप संदिग्ध समझते है उस विषय को आदि से अन्त तक एक दो बार पढ़कर मनन करें आप की शंका वही शान्त होगी और दृष्टि दोष भी मिट जायेगा। भगवान श्री कृष्ण ने भी गीता जी में कहा है कि- ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैवभजाम्यहम्॥ अर्थात् ''जो जैसे मुझको भजे, वे वैसा फल पाय''।

पढ़ो समझो और मनन करो यही शिक्षा का मूल मंत्र है।

संपादक

Don't Quit

When things go wrong
  As they sometimes will
When the road you are treading
  Seems up the hill
When the funds are low
  And the debts are high
And you want to smile
  But you have to sigh
When care is pressing
  You douse a bit
Rest, if you must
  But don't quit.

Note : Found pasted on the notice board of Jammu Ashram.

Oh God,

let me become like a drum. Silent in myself, ever awaiting your Divine touch. An instrument, only of your will, ever ready to reasonate with your song.

Said by Svāmīji Māharāj in the year 1979 at Ishber Ashram Srinagar

Organization and Yourself

Some members keep their organizations strong
While others join and just belong
Some dig right in, some serve with pride,
But some go along just for a ride,
Some volunteer to do their share,
While some sit back and just don't care
On meeting days some always show
But then there are those who never go,
Some always pay their dues ahead,
Some get behind for months instead,
Some do their best, some build, some make,
Some never give, but always take
Some lag behind, some let things go,
Some never help their organization grow
Some drag, some pull, some don't, some do
Now decide, which of these are you?

Courtesy
Vedanta Kesari Madras

विज्ञानभैरव – समीक्षात्मक अध्ययन

मूलप्रवचनकार

शैवाचार्य ईश्वरस्वरूप स्वामी लक्ष्मण जू महाराज

(गतांक से आगे)

कुम्भिता रेचिता वापि पूरिता वा यदा भवेत्।
तदन्ते शान्तनामासौ शक्त्या शान्तः प्रकाशते॥

(*अन्वय*–रेचिता कुम्भिता पूरिता वा यदा (मरुद्रूपा) शक्तिः भवेत् (तदा) तदन्ते (तया) शक्त्या शान्तनामा असौ शान्तः प्रकाशते॥ २७॥)

जब प्राण और अपान रूप शक्ति विधि से बाह्य कुम्भक अवस्था में या आभ्यन्तर कुम्भक अवस्था में लगातार अभ्यास करने से शान्त हो जाती है तब कुम्भक की प्रशान्त अवस्था उदित होने से मरुद्रूपा शक्ति अपने शान्त स्वभाव में लीन हो जाती है और परम शान्त स्वभाव स्वात्मस्वरूप प्रकट हो जाता है।

स्वामी जी महाराज का निर्देश है, कि यह अभ्यास, जिसे हठयोग कहते हैं, थोड़ा बहुत परिश्रम से सिद्ध होता है। जब आप अपने श्वास को अन्दर लेते हो, और जब यह हृदय प्रदेश तक पहुंचता है, तो इसे थोड़ी देर के लिए रोको और फिर उसे छोड़ो। जब यह बाह्य द्वादशान्त तक पहुंचेगा तब फिर उसे रोको। थोड़ी देर के लिए प्रतीक्षा करो। इसे जल्दी में फिर से अन्दर मत लो। इसी अभ्यास का यहां संकेत करते हैं इस कथन से कि 'रेचिता सती प्राणशक्तिः कुम्भिता'। जब आप श्वास बाहिर छोड़ते हैं तो इसे बाहिर थोड़ी देर के लिए रोको। इसे अधिक देर के लिए बाहिर रोकना नहीं है अपितु इसे दस स्यकण्ड (Second) अथवा पन्द्रह स्यकण्ड (Second) के लिए रोको। यही उस क्षण का कुम्भक है। पूरी शक्ति से प्राण वायु को वहां बाहिर रोके रखना कुम्भक का अभिप्राय नहीं है अपितु उतनी देर रोके रखे जितनी देर तक विना कष्ट के रोक सकते हो। आपने इसका अभ्यास इस प्रकार आरम्भ करना है कि जब आप बाह्य द्वादशान्त तक प्राण शक्ति को पहिले लेंगे तो वहां से फिर इसे अन्दर लेंगें और फिर अन्तः द्वादशान्त पर इसे रोके रखेंगें।

अन्तः द्वादशान्त पर रोके रखने का अभिप्राय स्वामी जी महाराज का यह है कि हृदयस्थान पर प्राणवायु को रोके रखे। इसे बाहिर न छोड़े। आपने इसे केवल दस स्यकण्ड के लिए (For ten seconds) रोके रखना है तो फिर इसे छोड़ना है। इसी अभ्यास की

प्रक्रिया को आपने प्रत्येक श्वासोच्छ्वास के साथ जारी रखना है। यह अभ्यास इसी रूप में तब तक जारी रखना है जब तक शान्त स्वरूप प्रकाशित न होवे। स्वामी जी महाराज कहते हैं, कि हमें ऐसा ही अभ्यास कम से कम रोज़ छः घण्टे तक जारी रखना चाहिए। यह हानिकर साधना नहीं है। केवल अवहित हृदय से हमें इस प्राणशक्ति को दस स्यकण्ड बाहर और दस स्यकण्ड अन्दर रोके रखना है। अन्त में फिर क्या होता है कि शान्त अवस्था अर्थात् सदाशिव दशा की प्राप्ति होती है। ''शान्तनामा'' का तात्पर्य यही है कि 'शकारस्य अन्ते 'स' कारः अर्थात् सदाशिवता। यह शान्तिपूर्ण दशा होती है अतएव इसे 'शान्त' नाम से पुकारते हैं।

शान्त नामा— सदाशिव अवस्था जो संपूर्णरुपेण शान्तिपूर्ण है।

प्रकाशते— अभिव्यक्त होती है।

तदन्ते— उसके अन्त में।

शक्त्या— प्रादन शक्ति से अर्थात् आपने इस प्राण शक्ति को पहले बाहिर लेना है, वहां रोके रखना है, फिर अन्दर लेना है वहां भी हृदयधाम पर कुछ देर के लिए रोके रखना है। इसी रूप में अभ्यास क्रम को जारी रखने के पश्चात् परिणाम यह होगा कि सर्वथा शान्तिपूर्ण दशा 'सदाशिव दशा' की प्राप्ति होगी।

यह अवस्था 'आणवोपाय' क्रम से 'शाक्तोपाय' की ओर जाना है। क्योंकि जहां तक कुम्भक को प्रयोग में लाना होता है वहां तक आणवोपाय की स्थिति है। कुम्भक में प्राणवायु को रोकना है तब तक मन की प्रक्रिया सक्रिय है। मन की प्रक्रिया के शान्त न होने के परिणाम स्वरूप ही यह आणवोपाय है। जब शान्त अवस्था अर्थात् सदाशिव दशा को प्राप्त करते हैं तो यह शाक्तोपाय की स्थिति है अतः यह साधना प्रक्रिया आणवोपाय से शाक्तोपाय की ओर लेती है।

स्वामी जी महाराज से एक भक्त के यह पूछने पर कि सदाशिव दशा, शिवदशा या भैरवदशा में क्या अन्तर है? तो सद्गुरु महाराज कहते हैं कि सदाशिव दशा भी भैरवदशा ही है पर अन्तर यह है कि भैरव दशा वह सदाशिव दशा है कि जहां से इस शरीर में लौटने की संभावना नहीं है जब कि सदाशिव दशा में है। यह भैरव दशा उन्मीलन समाधि और निमीलन समाधि दोनों में समान होती है। सदाशिव शिवतुल्य ही है, पर देहस्थित है, जब तक शरीरस्थिति है तब तक सदाशिव की वह भैरव दशा है। पर 'शिव' भैरव की वह अवस्था है जो केवल शिव ही है और कुछ नहीं। सदाशिव अवस्था शिव दशा नहीं है। अतः यह

सिद्ध हुआ कि साधक इस देह से सदाशिव दशा से आगे नहीं जा सकता है। साधक परासंवित् को प्राप्त करता है। वह परासंवित् ही सदाशिव दशा है। सदाशिव दशा से आगे वह नहीं जा सकता। कहा है कि 'देहपाते तु परमशिवभट्टारक एव भवति'' अर्थात् इस नरदेह को त्यागने के पश्चात् ही साधक शिवैक्य प्राप्त करता है। कुम्भकावस्था के अभ्यास से प्राप्त सदाशिव दशा आणवोपाय से शाक्तोपाय प्राप्ति है जैसा कि ऊपर कहा गया है। अतः यह स्थिति शांभवोपाय के लिए ग्राह्य नहीं क्योंकि शाम्भवोपाय में प्राणापान निरोध की महत्ता अपेक्षणीय नहीं होती है। शांभवोपाय तो चरम उपाय है जबकि कुम्भकावस्था निम्नावस्था है। इस अधर उपाय से शांभवोपाय जैसा महनीय उपाय प्राप्त नहीं किया जा सकता है। केवल शाक्तोपाय से ही शाम्भवोपाय पर आसीन हो सकते हैं, शाक्तोपाय अन्तिम सीढ़ी नहीं, शाम्भवोपाय तो चरम अवस्था है जिसे शाक्तोपाय को त्यागने के पश्चात् ही प्राप्त किया जा सकता है।

उपरोक्त सदाशिवं दशा तो आणवोपाय से शाक्तोपाय की प्राप्ति है॥

आमूलात् किरणाभासां सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरात्मिकाम्।
चिन्तयेत् तां द्विषट्कान्ते शाम्यन्ती भैरवोदयः॥ २८॥

(*अन्वय*—आमूलात् किरणाभासां सूक्ष्मात्सूक्ष्मतरात्मिकां द्विषट्कान्ते शाम्यन्तीं तां चिन्तयेत् (एवं) भैरवोदयः भवेत् इतिशेषः॥)

मूलाधार चक्र से लेकर उठने वाली शक्ति का चिन्तन करे जो सूर्य की किरणों के समान प्रकाशमान है, और जो सूक्ष्म से सूक्ष्मतर अवस्था की ओर अग्रसर होती हुई द्वादशान्त में विलीन होती है। इस प्रकार के अभ्यास से स्वाभाविक भैरवदशा का उदय होता है॥

यह वह अवस्था है जब साधक उस प्राणशक्ति पर एकाग्रचित्त होता है जो कुण्डलिनी के रूप में उदित होती है। यह मूलाधार चक्र से ऊर्ध्व द्वादशान्त की ओर उठती है। यहां ऊर्ध्व द्वादशान्त ही अभिप्रेत है, बाह्य द्वादशान्त नहीं। बाह्य द्वादशान्त तो साधारण द्वादशान्त है। ऊर्ध्व द्वादशान्त तो ब्रह्मरन्ध्र का ही समानार्थक है। कुण्डलिनी शक्ति तो मूलाधार से उठ कर ऊर्ध्वद्वादशान्त की ओर जाती है बाह्य द्वादशान्त की ओर नहीं। यह कुण्डलिनी नामक प्राणशक्ति श्वासोच्छ्वास मार्ग से नहीं उठती है अपितु यह मूलाधार से सीधी ब्रह्मरन्ध्र की ओर उठती है। वही ब्रह्मरन्ध्र तो ऊर्ध्व द्वादशान्त के नाम से पुकारा जाता है।

ऊर्ध्व द्वादशान्त को ब्रह्मरन्ध्र की परिधि से दूर नहीं समझना चाहिए। ऊर्ध्वद्वादशान्त तो ब्रह्मरन्ध्र ही है। ब्रह्मरन्ध्र से दूर व्यापिनी मानी जाती है जिसे ऊर्ध्वशिखा कहते हैं।

तां– उस प्राणशक्ति को।

चिन्तयेत्– चिन्तन करे।

आमूलात्– मूलाधार से लेकर।

किरणाभासां– किरणों के रूप में

सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरात्मिकां– सूक्ष्म से सूक्ष्मतर है।

द्विषट्क– अर्थात दो बार छः (Six) = बारह – द्वादश-अन्त= द्वादशान्त

द्विषट्कान्ते– ऊर्ध्व द्वादशान्त पर। अर्थात् जब वह प्राणशक्ति ब्रह्मरन्ध्र पर विराजमान होती है तो वह संपूर्णरूप से शान्त होती है। उस अवस्था में भैरव अवस्था का उदय होता है। यही तो कुण्डलिनी के रूप में प्राण शक्ति का उदित होना है। पर प्राण कुण्डलिनी के रूप में नहीं अपितु चित् कुण्डलिनी के रूप में।

उद्गच्छन्तीं तडिद्रूपां प्रतिचक्रं क्रमात्क्रमम्।
ऊर्ध्वं मुष्टित्रयं यावत् तावदन्ते महोदयः॥

(*अन्वय*– तां तडिद्रूपां प्रतिचक्रं क्रमात्क्रमं उद्गच्छन्तीं (चिन्तयेत्) यावत् ऊर्ध्वं मुष्टित्रयं तावत्, अन्ते महोदयः॥)

बिजली के समान एकाएक चमकने वाली शक्ति का, प्रत्येक चक्र में कन्दस्थान से लेकर ब्रह्मरन्ध्र तक क्रम से ऊपर उठती हुई अवस्था में, चिन्तन करे। इस साधना से मुष्टित्रयपरिमित द्वादशान्त में प्रकाशमान भैरवस्वरूप का उदय होता है।

उदगच्छन्तीं– ऊपर की ओर एकाएक उठती हुई। यह कुण्डलिनी शक्ति अधिक बल से ऊपर की ओर आती है।

तडिद्रूपां– बिजली के कोंधने के समान उदित हुई। यह मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र की ओर सीधी नहीं आती है अपितु

प्रतिचक्रं– क्रम से षट्चक्रों का भेदन करती है। यह प्राण कुण्डलिनी की विधि है। क्रमात्क्रमं–क्रम से अर्थात् मूलाधार चक्र से यह पहिले नाभिचक्र की ओर उठती है, नाभिचक्र से यह हृच्चक्र (heart) की ओर, हृच्चक्र से कण्ठदेश की ओर (throat) कण्ठदेश से भ्रूमध्य (between the two eye brows) की ओर और भ्रूमध्य से यह फिर ब्रह्मरन्ध्र की ओर उठती है।

मुष्टित्रयम्— एक मुट्ठी का परिणाम तीन गुना चार=बारह अंगुल है (breadth of twelve fingers) इस तरह मुष्टित्रयं शब्द का अर्थ द्वादशान्त है। मूलाधार से लेकर ब्रह्मरन्ध्र तक प्रत्येक चक्र का विस्तार बारह अंगुल है। अर्थात् मूलाधार चक्र से नाभिचक्र तक बारह अंगुल का विस्तार, नाभिचक्र से हृच्चक्र तक बारह अंगुल का विस्तार, हृच्चक्र से कण्ठदेश तक बारह अंगुल का विस्तार, कण्ठदेश से भ्रूमध्य तक बारह अंगुल का विस्तार और भ्रूमध्य से ब्रह्मरन्ध्र तक भी बारह अंगुल का विस्तार है। अतएव इन षट्चक्रों के प्रत्येक आयाम को भी द्वादशान्त कहते हैं और यह द्वादशान्त ऊर्ध्व द्वादशान्त के रूप में अन्त में कहा जाता है।

स्वामी जी महाराज कहते है कि प्राणकुण्डलिनी न केवल ब्रह्मरन्ध्र तक ही उठती है अपितु नियमपूर्वक किये गये अभ्यास के परिणामस्वरूप यह सहस्त्रार तक जा सकती है।

सिद्धियों की इच्छा रखने वाले साधक के लिए भी प्राण कुण्डलिनी का आवेश होता है। सिद्धियों की इच्छा के अभाव में चित् कुण्डलिनी का आवेश होता है। जब यह शक्ति मूलाधार से उठती हुई प्रत्येक चक्र का यथाक्रम से भेदन करती हुई ब्रह्मरन्ध्र तक पहुंचती है तो वह साधक योगी महान अष्टसिद्धियों को धारण करने वाला होता है। इस प्रकार प्रतिचक्र का भेदन करता हुआ यह योगी मूलाधार चक्र से ऊर्ध्व द्वादशान्त तक सीधे पहुंचता है। फिर वहां और कोई बड़ी शक्ति नहीं होती है।

स्वामी जी के निर्देशानुसार इस प्राणकुण्डलिनी को कोई भी योगी किसी विशिष्ट चक्र पर अथवा भ्रूमध्य पर रोक कर फिर आगे इच्छानुसार नहीं ले सकता है, क्योंकि यह उसके सामर्थ्य से परे है। अतएव कोई भी साधक बिजली की कौंध के समान उठनेवाली इस शक्ति को किसी नियत चक्रस्थान पर रोक नहीं सकता है। इसके ऊर्ध्वगमन में तभी ठहराव आ सकता है जब साधना में कोई बाधा आवे, या साधक चिन्ताग्रस्त अथवा असमाहित हो। स्वयं इसकी गति निर्बाध है। जब निर्बाध गति से चक्रभेदन हो रहा हो तो यह प्राणशक्ति भ्रूमध्य तक और भ्रूमध्य से सहस्त्रार तक निर्विघ्न उठती है। यदि साधक में सांसारिक अभिलाषायें सूक्ष्म रूप से विद्यमान हो तो उसकी प्राणकुण्डलिनी शक्ति भ्रूमध्य से आगे नहीं जा सकती है। वह साधक अत्यन्त सामर्थ्यवान् होता है पर स्वरूप समावेश से वंचित रहता है। वह सदाशिव दशा को प्राप्त नहीं करता है जब वह समाधिनिष्ठ होता है। पर कुण्डलिनी शक्ति के भ्रूमध्य तक पहुंचते पहुंचते वह जिस संवित् भाव में विलीन रहता है वह तो मन्त्र प्रमातृभाव में समाप्त होता है मन्त्रेश्वर भाव में नहीं। ऐसा साधक अपने ध्येय से अपने लक्ष्य से चूकता नहीं। वह सदा सन्मार्ग पर स्थित रहता है पर जीवन में कुछ स्पृहणीय पद को प्राप्त नहीं कर सकता है।

चिन्तयेत्–चिन्तन करे। 'चिन्तन करे' यह इसीलिए कहा गया है कि हमें इस उच्च स्थिति तक पहुंचने पर भी समाहित रहना चाहिए। हमें अपनी समाहितता किसी भी दशा में छोड़नी नहीं चाहिए।

महोदयः– इस स्थिति के अन्त में महान् भैरवस्वरूप जो प्रकाशमान है, उदय में आता है।

क्रमद्वादशकं सम्यक् द्वादशाक्षरभेदितम्।
स्थूल सूक्ष्म परस्थित्या मुक्त्वा मुक्त्वान्ततः शिवः॥

(*अन्वय*–(यत् क्रमाणां द्वादशकं) क्रमद्वादशकं (तत्) सम्यग् द्वादशाक्षर भेदितं (ध्यायेत्) (तत् च प्रत्येकं) स्थूल सूक्ष्म परस्थित्या मुक्त्वा मुक्त्वा अन्ततः शिवः (एव भवति)॥)

इस शरीर में क्रमानुसार बारह चक्र हैं जो बारह स्वरों से सम्बद्ध हैं। इन बारह चक्रों पर हमें क्रमशः स्थूल, सूक्ष्म और पर पद्धति से (त्रिविध उपाय के रूप में) ध्यान करना चाहिए। योगी जब अपने दृढ़ संकल्प से इन चक्रों का अभ्यास करता है तो स्थूल सूक्ष्म वस्तु के ध्यान को छोड़कर अन्ततः इस अभ्यास पद्धति से कल्याणमय शिवस्वरूप में प्रतिष्ठित हो जाता है।

क्रमद्वादशकं–

इस शरीर में बारह चक्र हैं जो क्रमशः एक दूसरे से ऊपर स्थानों में स्थित हैं। क्रमद्वादशकं से यही अभिप्रेत है। ये बारह चक्र क्रमशः इस प्रकार हैं:–

जन्माग्र, मूल, कन्द, नाभि, हृदय, कण्ठ, तालु, भ्रूमध्य, ललाट, ब्रह्मरन्ध्र, शक्ति और व्यापिनी। इन बारह चक्रों में पहला चक्र जन्माग्र है। मेढ्र-कन्द को जन्माग्र कहते हैं। मेढ्रकन्द एक है और कन्द दूसरा है। मेढ्रकन्द तो पायु विकास है। मूलचक्र मेढ्र कन्द से ऊर्ध्वस्थित है 'कन्द' उससे भी ऊपर है जहां गर्भाशय में बालक का जन्म होता है। कन्द से ऊपर नाभि चक्र है, नाभिचक्र से ऊपर हृच्चक्र है, हृच्चक्र से ऊपर कण्ठदेश है, उससे ऊपर तालुचक्र (Palate) है, तालुचक्र से ऊपर भ्रूमध्य है, भ्रूमध्य से ऊपर ललाट (forehead) है, ललाट से ऊपर ब्रह्मरन्ध्र है, ब्रह्मरन्ध्र से ऊपर शक्ति है। शक्ति का तात्पर्य वह बल है जो ब्रह्मरन्ध्र को विभक्त कर उसमें भेदन करती हुई विश्वाकाश परिधि में बाहर गमन करती है। उसके पश्चात् उस विश्वाकाश में साधक प्रवेश करता है जो व्यापिनी का क्षेत्र है। ये बारह चक्र क्रमशः बारह स्वरों के वाचक हैं जो 'अ' से लेकर विसर्ग तक गिने

जाते हैं। स्वर यद्यपि सोलह हैं पर तन्त्रशास्त्र में ऋ, ॠ, ऌ, ॡ ये चार स्वर षण्ढ़ (नपुंसक) कहे गये हैं अतः इनका उपयोग ध्यान आदि में नहीं होता है। इन चार स्वरों को छोड़कर शेष बारह स्वर रहते हैं जिनका ध्यान उपरोक्त बारह चक्रों में क्रमशः अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, अः के रूप में करना चाहिए।

स्थूल सूक्ष्म परस्थित्या– बारह चक्रस्थानों में यह ध्यान स्थूल (Gross awareness), सूक्ष्म (medium awareness), पर (Supreme awareness) पद्धति से करना चाहिए।

स्थूल पद्धति का तात्पर्य ध्यान पद्धति है, सूक्ष्म पद्धति का तात्पर्य स्पन्दमानता है, और पर पद्धति "मुक्त्वा-मुक्त्वा" कहकर जतलाई गई है। अर्थात् इन बारह चक्रों की ध्यान पद्धति को पारकर साधक इनकी स्पन्दमानता को छूता है। उस स्पन्दमानता में सुसंस्थित होके, सूक्ष्म ध्यान को छोड़कर इन बारह चक्रों के ज्योतिर्मय परवस्तु के ध्यान में सुसंस्थित होता है। तत्पश्चात् स्वयं शिव बन जाता है। इस प्रकार यह आरोह क्रम है। इन बारह स्थानों को पहिले बारह स्वरों में बदलना चाहिए। क्योंकि ये स्थूलरूप हैं। उदाहरण के तौर पर पहला स्थान 'जन्माग्र' है। जन्माग्र के स्थूल रूप "पायुविकास' (Opening of rectum) है। इसके स्थूल रूप की ओर न जाकर 'अ' स्वर को ले लो। इस 'अ' स्वर का वहां कोई अर्थ नही अतः इसे सूक्ष्म रूप की ओर लेना पड़ेगा। जब आप इन बारह स्थानों की बारह सूक्ष्म गतियों की ओर कदम डालोगे तो आपने पहले ध्यान को ही अपनाना है, फिर स्पन्दमानता को और फिर ज्योतिरूपता को। यह एक प्रकार का लयचिन्तन है अर्थात् लय या लयीभाव की स्थिति है। क्योंकि इस चिन्तन में हमें पहिले को दूसरे में, दूसरे को तीसरे में क्रमशः इसी प्रकार बारह चक्रों का लयीभाव करके "अन्ततः शिवः" शिव भाव को पाना है।

यह क्रम 'आणवोपाय' की हेयोपासना है क्योंकि इसमें क्रम का उल्लंघन नहीं किया जा सकता है। आपने पहले जन्माग्र को देखना है और फिर उसके 'अ' मन्त्र की उपासना करनी है, फिर मूल का ध्यान करना है और फिर उसके "आ" मन्त्र की उपासना करनी है और इसी प्रकार क्रमानुसार आप विसर्ग की उपासना तक पहुँचकर 'व्यापिनी' का अनुभव करोगे। इसके पश्चात् इन सबों का ध्यान करके आपने इनकी स्पन्दमानता और फिर ज्योतिरूपता को अपनाना चाहिए।

स्पन्दमानता से तात्पर्य है गतिशीलता। इस स्थिति में साधक का सारा शरीर कम्पायमान सा प्रतीत होता है।

ध्यान से तात्पर्य श्वासोच्छ्वास से है। श्वासोच्छ्वास का सम्बन्ध स्थूल से है श्वासोच्छ्वास ही स्पन्दमानता का रूप लेता है। स्वामी जी कहते हैं, कि इस बात को हम केवल सतत अभ्यास से ही जान सकते हैं।

ज्योति से तात्पर्य स्वरूपसाक्षात्कार से है, जोकि चरम बिन्दु है।

स्वामी जी कहते हैं कि स्पन्दमानता स्वचालित विधि है यह प्रायः चित्तप्रलय है पर पूर्ण चित्त प्रलयीभाव स्थिति ज्योतिरूपता में ही है। चित्तप्रलय में श्वासप्रक्रिया समाप्त नहीं होती है पर वह एक बिन्दु पर ठहरी हुई होती है और शमन की प्रतीक्षा में निरोधिका स्थिति की तरह रहती है। ये श्वासोच्छ्वास, प्रदेशवआयाम को लांघे विना एकाग्रता की शक्ति के कारण, गतिशील दिखाई देते हैं। एकाग्रता के अभाव में इस का छत्तीस अंगुल तक संचार होगा। यह एकाग्रता धीरे धीरे विकसित होती है। एकाग्रता की शक्ति के परिणामस्वरूप श्वासोच्छ्वास सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होता जाता है और अन्त में फिर एक बिन्दु पर ही गतिशील रहता है। उसी को स्पन्दमानता कहते हैं। उसके पश्चात् ज्योतिरूपता और फिर शिवभावता प्राप्त होती है। ज्योतिरूपता की पूर्ण परिपक्वता के अभाव में सदाशिवभाव की दशा आती है। शिवभाव तो देहपात के पश्चात् ही संभव होता है।

स्वामी जी महाराज अपने अनुभव के आधार पर कहते हैं कि यह आवश्यक नहीं कि कुण्डलिनी जागृति के पश्चात् ही स्वरूपसमावेश हो सकता है। अपितु कुण्डलिनी जागृति के विना भी स्वरूप समावेश संभव है॥

(क्रमशः)

श्री गुरुवर्य का उपदेशामृत

सुश्री प्रभादेवी जी

ईस्वी सन् १९७१ में गुरुप्रवर श्री ईश्वरस्वरूप जी महाराज हमें तन्त्रालोक का पांचवां आह्निक, जो आणवोपाय से सम्बन्धित है, सामुदायिक रूप से गुप्त-गंगा के सत्संग हाल में, आनन्द में विभोर होकर पढ़ाते थे। सभी श्रोतागण शिष्य, तन्मय होकर सुनते तो अवश्य थे किन्तु विषय के गंभीर होने से उनके मस्तिष्क-पटल पर ये अमृतमय उपदेश जमते न थे। महाराज जी सर्वज्ञ तो थे ही, अपने शिष्यों की बाह्य रंग में रंगी हुई बुद्धि से भी परिचित थे, किंतु दया के वशीभूत बनकर, ये सभी समझते हुए भी 'स्वान्तः सुखाय' को लक्ष्य में रखकर ही कई वर्षों तक अपनी ज्ञान-गंगा को बहाते ही रहे। उसी ज्ञान-गंगा के कतिपय अमृत बिन्दुओं का पान कराना इस लेख के लिखने का उद्देश्य है। जो कुछ ज्ञान है सभी गुरुवर्य का ही है। हम तो महाराज जी के अलौकिक पारमार्थिक सजगता का स्मरण करते हुए ही काल-यापन कर रहे हैं। तो फिर लीजिये आज तन्त्रालोक के पांचवें आह्निक के ७४ वें श्लोक से लेकर आगे का प्रसंग छेड़ते हैं:—

हानादानतिरस्कार
वृत्तौ रूढिमुपागतः।
अभेदवृत्तितः पश्ये-
द्विश्वं चितिचमत्कृतेः।। ७४।।

अनथक रूप से पारमार्थिक सजगता तथा चमत्कार-आनन्द से जगत् को अभेदवृत्ति से देखता हुआ, त्याग तथा गृहणीय वृत्ति का तिरस्कार करके, अपने स्वरूप में यह योगी रूढ बन जाता है - यानी स्वात्मा में टिक जाता है। यही इसके स्वात्म-साक्षात्कार का मुख्य चिह्न है।

अर्थक्रियार्थितादैन्यं
त्यक्त्वा बाह्यान्तरात्मनि।
स्वरूपे निर्वृत्तिं प्राप्य
फुल्लां नाददशां श्रयेत्।। ७५।।

इस श्लोक का निर्णय करते हुए महाराज जी ने कहा—विकास दो प्रकार का है—एक तो स्वरूप-विकास जिसे 'सौः' बीज, अहम् परामर्श, सृष्टि, हृदय आदि कहते हैं और दूसरा

'स्वरूपच्यवन' जिसे संहार हृदय, महअ, रक्ष्खें तथा संहार बीज या कुंडलिनी भी कहते हैं।

इस श्लोक में 'नाद्रदशा' शब्द पर प्रकाश डालते हुए कहा–

"अनाहतहतोत्तीर्णो महाविषमचिद्गतिः।

वीरहृद्धटनोद्युक्तो रावो देव्या विजृम्भते॥

अनाहत तथा आहत दो प्रकार के शब्द माने जाते हैं। 'आहत' शब्द तो दो वस्तुओं के परस्पर टकराने से उत्पन्न होता है और अनाहत शब्द, प्रवर साधक के हृदय में बिना किसी के हत होने से प्रभु-कृपा से स्वयं शब्दायमान होता है। इसी में दश नादों का सम्मिलन है। उन्हीं दश नादों को त्याग कर जो पार्यन्तिक नाददशा उत्पन्न होती है, वही संहार-कुण्डलिनी 'क्षकार' के नाम से पुकारी जाती हैं, इसी अवस्था को प्राप्त करके योगी अर्थ-क्रिया रूप दीनता यानी स्वरूप-विकास करने के हेतु जिन बाह्य-विषयों का आश्रय लेता था, उस को छोड़ कर बाह्य रूप जो त्रिकमतानुसार अपनी ही अन्तरात्मा है, उसी में आत्यन्तिक सुख को प्राप्त करता है।

प्रसंगवश महाराज जी ने यह समझाते हुए कहा–स्वरूप में प्रविष्ट होने के समय साधक को 'बीजोद्धार' का अनुभव होता है और स्वरूप में स्थित होने के बाद 'बीजोदय' का अनुभव होता है।

वक्त्रमन्तस्तया सम्यक्

संविदः प्रविकासयेत्।

संविदक्षमरुच्चक्रं

ज्ञेयाभिन्नं ततो भवेत्॥ ७६॥

इस श्लोक का अन्वय और अर्थ ऐसे किया–संविदः अन्तः वक्त्रं सम्यक्तया प्रविकासयेत् ततो संविद, अक्ष, मरुद् चक्रं ज्ञेय अभिन्नं भवेत्॥

संविद् देवी का आन्तरिक वक्त्र उस नाद दशा से भली-भांति विकास के योग्य बनकर, तब फिर ज्ञान-चक्र-जागतिक नीलादि वस्तु-वर्ग, इन्द्रिय-चक्र और प्राणादिक पांच चक्र (प्राण, अपान, समान, उदान और व्यान) ज्ञेय अर्थात् शून्यातिशून्य विश्वाभाव रूप में अभिन्न होकर ठहरता है। इन कथित चक्रों का अस्तित्व इस अवस्था में जाकर समाप्त हो जाता है।

इस श्लोक की व्याख्या करने के उपरान्त महाराज जी ने कहा–कश्मीर में एक प्रसिद्ध शैवी सन्त हुए थे, उनका शुभ नाम 'मान जी गंजू' था। वह हुक्के की नली को मुंह में रखने

मात्र से ही स्वरूप में प्रविष्ट हो जाते थे। विषयों का सेवन प्रारम्भ करते ही स्वरूप में स्थित होना सिद्धों का विषय है।

तज्ज्ञेयं संविदाख्येन
वह्निना प्रविलीयते।
विलीनं तत् त्रिकोणेऽस्मि-
ञ्शक्तिवह्नौ विलीयते॥ ७७॥

वह शून्यातिशून्य ज्ञेय, संविद नाम वाले अग्नि में पूर्णरूप से लीन हो जाता है और वह शून्य दशा इस त्रिकोण (इच्छा, ज्ञान तथा क्रिया) नामक शक्ति-अग्नि में लय हो जाती है।

इस श्लोक में रहस्य रूप से 'रक्ष्खें' मन्त्र का प्रदर्शन हुआ है।

तत्र संवेदनोदार
बिन्दुसत्तासुनिर्वृत्तः।
संहारबीजविश्रान्तो
योगी परमयो भवेत्॥ ७८॥

इस श्लोक की व्याख्या करते हुए महाराज जी ने कहा—

यदि साधक ने तथ्य रूप से आत्यन्तिक विश्राम लेना हो तो इसी संहार-बीज 'अं' रूप बिन्दु में ही लेना चाहिये। संहार बीज मन्त्र जिसे पिंडनाथ भी कहते हैं (र्क्ष्ख) बीजाक्षर है।

इस श्लोक पर पुनः प्रकाश डालते हुए महाराज जी ने गम्भीर होकर कहा—

इसी बिन्दुसत्ता में ठहर कर महा-गणपति ने क्षीर-सागर पिया था। पौराणिक गाथा में भी किसी विशेष ऋषि ने भगवान् शंकर की जटाओं में स्थित गंगा जी के प्रवाह को निघल लिया था। स्वयं भगवान् शंकर भी उसकी महान् शक्ति को देखकर मोहित हो गये थे।

प्रसंगवश महाराज जी ने यह भी कहा—याज्ञवल्क ऋषि को भला क्या आवश्यकता पड़ी थी सन्यास लेने की—केवल इसलिए कि वह जीवन्मुक्ति के सुख का अनुभव करे।

अतः साधक को चाहिये कि वह सदा अनुसन्धान परायण रहे तभी वह इन अलौकिक अवस्थाओं का अनुभव कर सकेगा।

स्मरण रहे मालिनी पत्रिका का प्रकाशन केवल इस उद्देश्य से हो रहा है कि पूज्य श्री गुरुवर्यों के मुखारविन्द से जिन उपदेशों का स्फार हुआ है उनकी प्रत्यभिज्ञा करायी जाये। इधर उधर की सुनी सुनाई बातों का उल्लेख करना तो बहिर्मुखता का परिचायक है। हमारे गुरुप्रवर सदा विमर्शपरायण ही रहते थे अतः हमें भी चाहिये महाराज जी के उपदेशामृत का ही बखान करते रहें। उसी में हम सभी मानवों का कल्याण निहित है।

ओं शम्।

You must know the state of supreme independent God-consiciousness exists in the same way as shadow of your head. Cross it or overcome it by your footsteps you never cross that shadow. In the same way supreme state of God consciousness can not be realized by any agency which is filled with individual God consciousness. So it cannot be realized by any agency. It never comes in objective state. It is never realized it is the state of realizer.

Īśvara Svarūpa Svāmi Lakṣmaṇa Joo Māharāj

गुरुरेको जयत्यजः

(गुरु एक है। उसके अजन्मा स्वरूप की जय हो)

विश्वोत्तीर्णो व्यवहितपथः विश्वकृत् विश्वहर्ता
विश्वं व्याप्य सकलमकलं व्यस्तभूतोऽतिव्यस्तः।
व्यावृत्यर्थं विचलति मुदं विश्वपूर्णो हि स्वस्थः
व्यक्ताव्यक्तो विजयति विभुः मन्त्रमूर्तिर्महेशः॥

विश्वोत्तीर्णः– परम शिव संसारभाव से सदा असंग है। अतः उसे विश्वोत्तीर्ण कहते हैं। वह उसका नित्य, शुद्ध, निरञ्जन, निर्विकार तथा स्वयंप्रज्ञस्वरूप है।

व्यवहितपथः– जब वह अपनी स्वातन्त्र्य शक्ति द्वारा विश्व में भेदभावरूप विस्तार पाता है तो वह

विश्वकृत् विश्वहर्ता– विश्व का स्रष्टा और संहर्ता बनता है।

सकलं विश्वं व्याप्य व्यस्तः– वह स्थूलभूत विश्व में व्याप्त होकर इसमें व्यस्त (मिलकर) रहता है, और

अकलं (विश्वं व्याप्य) अतिव्यस्तः– सूक्ष्मभूत विश्व में व्याप्त होकर इतना व्यस्त रहता है कि उसका वास्तविक रूप समझ से बाहिर होता है। (यह उसकी माया की विलक्षणता है)।

व्यावृत्यर्थं– फिर भी अपने चिदानन्द स्वरूप को छिपाये रखते हुए

मुदं विचलति– वह अपने अपने मौज में व्यवहार-रूप स्पन्दन को धारण कर जगत्-रूप क्रीडा करता है।

विश्वपूर्णो हि स्वस्थः– परन्तु निर्लेप होने के कारण विश्व में पूर्ण होते हुए भी अपने ही चिदानन्द स्वरूप में स्थित (अर्थात् स्वस्थ) रहता है।

व्यक्ताव्यक्तो विभुः– इस प्रकार वह सर्वव्यापक परमात्मा अभक्तों के लिए अप्रकट होकर भी भक्तियोग द्वारा प्राप्त किया जाता है।

मन्त्रमूर्तिः महेशः— वही मन्त्रमूर्ति महेश्वर शिव अर्थात् अनुग्राहिका शक्तिरूप गुरु भगवान् सदाशिव

विजयति— सदा विजयशील है।

इति कमलेति कौलो जानकीनाथः॥

भूतपूर्व राष्ट्रपति डा० शंकर दयाल शर्मा द्वारा संस्कृत भाषा पारंगत सम्मान से सम्मानित कविवर विद्वान् श्री जानकी नाथ कौल 'कमल' ने साहित्यिक जगत में अन्यतम स्थान प्राप्त किया था। ९/६/१९९७ को नई दिल्ली में माननीय राष्ट्रपति से सम्मानित होने के पश्चात् उनके मुखारविन्द से उद्‌भूत ऊपर लिखित श्लोक सदा के लिए ग्राह्य रहेगा। आश्चर्य की बात है कि उसी दिन उन्होंने यह उज्ज्वलमणि सन्तप्रवर श्री रघुनाथ जी कुकिलू को भी इस सूक्ति के साथ जम्मू भेजा था- "पण्डितवर्याय महाशयाय सादर नमस्कार सन्ततयः प्रेषामीति" कौलो जानकी नाथः।

स्मरण रहे कि श्री रघुनाथ जी कुकिलू ने जीवित अवस्था में ही ऊपरोक्त शीर्षक सहित; यह श्लोक मुझे मालिनी में प्रकाशित करने के लिए दिया था। आज के अंक में इसे प्रकाशित करके उनके वचन का पालन करके मुझे अति प्रसन्नता हो रही है।

ॐ नमः शिवाय

शैवदर्शन के वातायन से

प्रो० नीलकंठ गुरुटू

भूत सर्ग –

यह शब्द भौतिक सृष्टि का वाचक है। भौतिक सृष्टि चौदह प्रकार की मानी जाती है। विभाग इस प्रकार है-

(क) आठ प्रकार की देव-सृष्टि में गन्धर्व, शक्र पिशाच, राक्षस, यक्ष, सौम्य, प्रजेश और ब्राह्म-ये आठ योनियां अन्तर्भूत हैं,

(ख) पांच प्रकार की तिर्यक्-सृष्टि (पशु-सृष्टि)। इस सृष्टि में पालतू पशु, जंगली मृग आदि, आकाश में उडने वाले पक्षी, रींगने वाले सर्प इत्यादि, और सारे वृक्ष इत्यादि स्थावर ये पांच सृष्टि भेद अन्तर्भूत हैं।

(ग) एक प्रकार की मानव सृष्टि।

फलतः देव सृष्टि के आठ, तिर्यक्सृष्टि के पांच और मानव-सृष्टि का एक भेद कुल मिलाकर चौदह प्रकार की सृष्टि भूतसर्ग कहलाती है।

अर्थक्रिया –

जडभूत अर्थात् जड प्रमेय-पदार्थ निरंतर पल-पल पर जीवित भूतों अर्थात् चेतन प्रमाताओं की आवश्यकताओं को पूरा करते रहते हैं। फलतः जो कोई भी प्रमेय पदार्थ जिस प्रकार की क्रियात्मकता को संपन्न कर लेता है वही उसकी अर्थक्रिया कहलाती है। उदाहरणार्थ घड़ा तरल द्रव्य को रखने या वहन करने की आवश्यकता को पूरा कर लेता है अतः जलाहरण ही घट प्रमेय की अर्थक्रिया कहलाती है।

द्रष्टा –

ऐसा चेतन प्रमाता जो स्वतः संवित्स्वभाव, स्वयं-प्रकाश एवं स्वयं सिद्ध होने के कारण भूत, भविष्यत् एवं वर्तमान इन कालभेदों के साथ संबन्धित अखंड जानकारी को शाश्वतिक रूप में धारण करने वाला हो। इस दृष्टि से सर्वव्यापी चित्-तत्त्व ही वास्तविक द्रष्टा कहलाता है। अब चूंकि विश्वभर के सारे जीवों में इसी चित्-तत्त्व की अंशतः वर्तमानता होती है अतः

वे भी परिमित रूप में दृष्टा (अर्थात् संकुचित प्रमाता) कहे जाते हैं। दृक् हरेक प्रकार की (ज्ञातृता) जानकारी को दृक् (दर्शन अर्थात् ज्ञान) कहते हैं।

अवभास –

बुद्धिरूपी दर्पण में किसी भी प्रमेय पदार्थ के स्पष्ट प्रतिबिंबन को अवभास कहते हैं। इसी को उस पदार्थ की जानकारी प्राप्त करना या उपलब्धि होना भी कहा जाता है।

स्मृतिः –

किसी भी पदार्थ के सब से पहले के साक्षात्कार-क्षण की उपलब्धि (विकल्पहीन ज्ञान) को प्राथमिक अनुभव (प्रथमाभास) कहते हैं। यह अनुभवक्षण बीत जाने के उपरान्त वही पदार्थ बुद्धि में जिस रूप में वर्तमान रहता है उसको उसी पदार्थ की स्मृति कहा जाता है। स्मरण रहे सारा बहिरंग सांसारिक व्यवहार स्मृति से ही चलता रहता है।

क्षण वाद –

बौद्ध दार्शनिकों की मान्यता को क्षणवाद कहते हैं। उनकी मान्यता के अनुसार संसार का कोई भी जड एवं चेतन पदार्थ त्रिक्षणवृत्ति होता है। अर्थात् उसका रूप हर तीन क्षणों के पश्चात् बदलता रहता है। तात्पर्य यह कि पहले क्षण में उसकी सृष्टि, दूसरे में उसकी स्थिति और तीसरे में उसका नाश होता है। इन तीन क्षणों में बुद्धि पर लगे हुए संस्कार के बल से चौथे क्षण में फिर उसकी पहले के ही रूप वाली सृष्टि इत्यादि प्रक्रिया आरम्भ हो जाती है। इसी प्रकार इस अखंड रूप में चलती रहने वाली त्रिक्षण पर्यवसायिनी ज्ञान-धारा को ज्ञान-संतान कहते हैं। उनकी मान्यता के अनुसार सारा जीव व्यवहार इसी ज्ञान संतान की पृष्ट भूमि पर चलता रहता है।

दृक् रूप –

विशुद्ध ज्ञान के स्वरूप वाला (आत्मा)। आत्मा का दृक् (ज्ञानरूपता) के अतिरिक्त और कोई आकार-प्रकार या नामरूप नहीं होता है।

विश्वरूपता –

भगवान शिव विश्वरूप हैं। इसका तात्पर्य यह है कि विश्वभर में जैसे जैसे और जितने प्रकार के नाम-रूप वाले जडभाव या चेतन पदार्थ हैं वे सारे भगवान शिव के स्वभाव मात्र हैं। वे स्वरूप से भिन्न या अतिरिक्त नहीं हैं। विश्वरूपता सर्वभावस्वभावकता होती है। केवल आदिदेव ही सर्वभाव स्वभाव हैं।

माहेश्वर्य –

महान ईश्वर का भाव-ईश्वरता। ज्ञानशक्ति, स्मृति शक्ति और अपोहन शक्ति इन तीनों महान् शक्तियों पर स्वतन्त्र एवं निर्बाध अधिकारिताको माहेश्वर्य कहते हैं। महेश्वर सदा चित्-रूप अर्थात् जडता से विलक्षण, अहंरूप और परिपूर्ण दृष्टा भाव पर अटल रहने वाला तत्त्व है

नियतपूर्वापरता –

संसार की भूमिका पर कई पदार्थों की निश्चित पूर्वता (पीछे होना) का बंधा-बंधाया क्रम आवश्यक होता है- उदाहरणार्थ कारण और कार्य में कारण अवश्य अगाडी और कार्य अवश्य पिछाडी होता है। इसको नियत पूर्वापरता कहते हैं। शिव-भूमिका पर इस पूर्वापरता का कोई क्रम नहीं होता है।

अन्वय –

किसी एक पदार्थ के सद्-भाव से किसी दूसरे पदार्थ की वर्तमानता सिद्ध करने को अन्वय कहते हैं। उदाहरणार्थ - आकाश में बादलों की वर्तमानता होने पर ही वर्षा का आगमन हो सकता है - तत् सत्त्वे, तत् सत्त्वम् अन्वयः।

व्यतिरेक -

किसी एक पदार्थ का अभाव होने पर किसी दूसरे पदार्थ का भी अभाव होने को व्यतिरेक कहते हैं। उदाहरणार्थ - अग्नि के अभाव में ऊष्मा का भी अभाव निश्चित होता है - तद् अभावे, तद् अभावो व्यतिरेकः।

चयरूपता -

किसी पदार्थ के महान् विस्तार को चयरूपता कहते हैं। उदाहरणार्थ - आग के बडे ढ़ेर को अग्निचय कहा जाता है।

कणरूपता -

किसी पदार्थ के छोटे से छोटे विस्तार को कणरूपता कहते हैं।

संबोध -

विषयों के उपराग से रहित विशुद्ध ज्ञान अर्थात् ईश्वरीय ज्ञान को संबोध कहते हैं।

ISHWAR ASHRAM TRUST

ISHBER, NISHAT, SRINAGAR, KMR.

(FOUNDED BY SRI ISHWAR SWAROOP SWAMI LAKSHMAN JOO MAHARAJ)

ADMINISTRATIVE OFFICE


2, Mohinder Nagar, Canal Road, JAMMU (Tawi) Pin-180016-Tele: 555755

CALENDER OF FESTIVALS 1998-1999 (From July '98 onwards)

1.	Jul 09, 1998	Thursday	Guru Purnima (Ashad Purinma)	
2.	Aug 08, 1998	Saturday	Shravana Purnima	Raksābandhan Ceremony
3.	Aug 14, 1998	Friday	Janam Ashtami	
4.	Sept 07, 1998	Monday	Pitra Paksh Jag (Yajña) of	Swami Mahtab Kak Ji Maharaj
5.	Sept 08, 1998	Thursday	Pitra Paksh Jag (Yajña) of	Sushri Sharika Devi Ji
6.	Sept 09, 1998	Wednesday	Vārshik Nirvān Jayanti -Jag (Yajña) of	Ishwar Swaroop Swami Ji Maharaj
7.	Sept 19, 1998	Saturday	Pitra Paksh Jag(Yajña) of	Swami Ram Ji Maharaj
8.	Oct 24, 1998	Saturday	Janamdivas Jayanti of	Swami Mehtab Kak Ji
9.	Nov 21, 1998	Saturday	Janamdivas Jayanti of	Sushri Sharika Devi Ji
10.	Dec 15, 1998	Tuesday	Janamdivas Jayanti of	Swami Ram Ji Maharaj
11.	Jan. 16, 1999	Saturday	Varshik Jag (Yajña) pf	Swami Ram Ji Maharaj
12.	Feb 03, 1999	Wednesday	Varshik Jag (Yajña) of	Sushri Sharika Devi Ji
13.	Feb 13, 1999	Saturday	Maha Shiv Ratri	
14.	Feb 17, 1999	Wednesday	Varshik Jag (Yajña) of	Swami Mahtab Kak Ji

I.K. RAINA
Secretary (I.A. Trust)

श्री ईश्वरस्वरूप लक्ष्मण जू महाराज



आविर्भावदिवस
9-5-1907

महासमाधिदिवस
27-9-1991